卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 174 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦1 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## कर्मचारी हितों के लिए सरकार संवेदनशील: धामी

### उत्तराखण्ड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के सम्मेलन का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में उत्तराखण्ड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर प्रदेश भर से जुटे निकाय कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके हितों की रक्षा और लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नगरों के विकास और स्वच्छता अभियान की सफलता का असली आधार हमारे कर्मठ निकाय कर्मचारी ही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने निकाय कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए घोषणा की कि निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन और एरियर का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने सेवा नियमावली में आवश्यक सुधार करने का आश्वासन दिया, ताकि पदोन्नति की प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके और पात्र कर्मचारियों को उनका हक समय पर मिल सके। मुख्यमंत्री ने निकाय कार्मिकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि चिलचिलाती धूप हो या कड़ाके की ठंड, हमारे कर्मचारी शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में विकसित उत्तराखण्ड की अहम भूमिका होगी और इस लक्ष्य की प्राप्ति में निकाय कर्मचारियों का योगदान अतुलनीय है। सीएम ने आश्वासन दिया कि सरकार निकायों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के (शेष पृष्ठ सात पर)



## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत,तीन घायल

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के कानिया चौराहे पर मंगलवार शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दो बाइकों के बीच हुई इस आमने सामने की जोरदार भिड़ंत में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया। मिली जानकारी के अनुसार सांवल्दें निवासी तीन युवक अमित उर्फ दिगंबर पुत्र गोविंद सिंह, भास्कर पुत्र अमीर सिंह और उमेश पुत्र वीरेंद्र सिंह एक ही बाइक पर सवार होकर रामनगर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दूसरी दिशा से पाटकोट निवासी पंकज पुत्र नंदलाल अपनी बुलेट बाइक से रामनगर की तरफ जा रहा था। कानिया चौराहे के समीप पहुँचते ही दोनों बाइकों (शेष पृष्ठ सात पर)



## सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जोशी को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के आवास पहुंचकर गोली कांड में उनकी दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जघन्य और दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने परिजनों को विश्वास दिलाया कि सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और न्याय सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)



## सीमांत जिलों के किसानों को मिलेगा बड़ा बाजार

### आईटीबीपी और उत्तराखंड औद्यानिक परिषद के बीच समझौता

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गरिमामयी उपस्थिति में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर श्वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रमश के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समझौता संपन्न हुआ। उत्तराखंड में तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की वाहिनियों को स्थानीय उत्पादों की सीधी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आईटीबीपी और उत्तराखंड औद्यानिक परिषद के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस समझौते को राज्य के किसानों, स्थानीय उत्पादकों और सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस पहल से चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ और चंपावत जैसे दूरस्थ एवं सीमांत जिलों के साथ-साथ देहरादून में तैनात हमारे वीर जवानों को स्थानीय स्तर पर उत्पादित ताजे, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक फल व सब्जियां उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा(शेष पृष्ठ सात पर)



## बेकाबू कार ने कई वाहनों को मारी टक्कर

काशीपुर (उद संवाददाता)। मुरादाबाद से चैती मेला घूमने आए एक युवक ने बाजपुर रोड पर लापरवाही से कार चलाते हुए जमकर उत्पात मचाया। युवक ने तेजी से ओवरटेक करने के चक्कर में नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रहे कई वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना के बाद मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची सीपीयू की टीम ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुरादाबाद निवासी युवक अपनी कार से चौती मेले की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बाजपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, उसने अपनी कार को तेजी से ओवरटेक करना शुरू कर दिया। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गई और उसने सामने से आ रही दो कारों व एक ई-रिक्शा को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## श्रमिक विरोधी कानूनों के खिलाफ मनाया काला दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए श्रम कानूनों को 1 अप्रैल से लागू किए जाने के विरोध में श्रमिक संगठनों ने बुधवार को श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले काला दिवस मनाया। गांधी पार्क में एकत्रित हुए श्रमिकों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बाद में बाटा चौक पर इन विवादास्पद श्रम संहिताओं की प्रतियां फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। गांधी पार्क में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न श्रमिक नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोला। वक्ताओं ने कहा कि श्रम सुधार और ईज ऑफ डूईंग विजनेस के नाम पर लाए गए ये कानून पूरी तरह से नियोक्ता-समर्थक और श्रमिक-विरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 12 फरवरी की ऐतिहासिक आम हड़ताल के बावजूद सरकार ने ट्रेड यूनियनों के साथ कोई सार्थक संवाद नहीं किया। श्रमिक नेताओं ने इसे अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों का खुला उल्लंघन बताते हुए कहा कि इन संहिताओं को तैयार करते समय मुख्य हितधारकों यानी श्रमिकों से कोई परामर्श नहीं लिया गया और न ही लंबे समय से भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाया गया। सभा में वक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ये श्रम संहिताएं देश के वास्तविक संपत्ति सृजनकर्ताओं को पुनः ब्रिटिश औपनिवेशिक काल जैसी शोषणकारी परिस्थितियों में धकेलने का प्रयास हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 8 घंटे का कार्यदिवस, (शेष पृष्ठ सात पर)



## जब स्कूल ही नहीं बचेंगे, तो 'कैसे पढ़ेगा उत्तराखंड'?

### नए शिक्षण सत्र के आगाज पर सामने आई विचलित करने वाली रिपोर्ट, पिछले पांच सालों में बंद हुए उत्तराखंड के 826 प्राथमिक विद्यालय

-अर्श-

रुद्रपुर। उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में सरकारी शिक्षा व्यवस्था के हालत साल- दर- साल बदतर होती जा रही है। एक तरफ राज्य में नए शिक्षण सत्र का आगाज होने को है, दूसरी ओर यह प्रश्न और भी बड़ा होता जा रहा है कि राज्य के शासकीय प्राथमिक विद्यालयों पर छात्रों एवं अभिभावकों का भरोसा दोबारा बहाल करने के गंभीर प्रयास कब आरंभ होंगे, क्योंकि उत्तराखंड के प्राथमिक विद्यालय छात्रों के अभाव में लगातार बंद होते जा रहे हैं। हाल ही में संपन्न उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न के जवाब में प्रदेश के शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत द्वारा बताया गया है कि राज्य में पिछले करीब पांच वर्षों के दौरान 826 प्राथमिक विद्यालयों पर ताले लग चुके हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि राज्य जब में स्कूल ही नहीं बचेंगे तो कैसे पढ़ेगा उत्तराखंड? इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कभी जिन गांवों के स्कूल बच्चों की चहल पहल से गुलजार रहते थे, आज वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। कई स्कूलों में छात्रों की संख्या इतनी कम रह गई कि उन्हें चलाना मुश्किल हो गया है। यही कारण है कि शिक्षा विभाग को इन स्कूलों को बंद करने या नजदीकी विद्यालयों में समायोजित करने का फैसला लेना पड़ा। हालांकि स्कूल बंद होने की समस्या का असर पूरे राज्य में एक जैसा नहीं है, लेकिन कुछ जिलों में यह स्थिति ज्यादा गंभीर दिखाई दे रही है। विधानसभा में रखे गए आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक स्कूल टिहरी जिले में बंद हुए हैं। यहां 262 स्कूल बंद कर दिए गए हैं। उसके बाद नंबर आता है पौड़ी गढ़वाल जिले का, जहां 120 स्कूल बंद किए गए हैं। तीसरे नंबर पर पिथौरागढ़ जिला है, जहां 104 स्कूल बंद हुए हैं। वहीं, अन्य जिलों जिलों की स्थिति पर नजर डालें तो अल्मोड़ा में 83, नैनीताल में 49, चमोली में 43, देहरादून में 38, चंपावत जिले में 34, उत्तरकाशी में 25, उधमसिंह नगर में 21, रुद्रप्रयाग में 15 , बागेश्वर में 25 तथा हरिद्वार में 2 स्कूलों पर ताले लग चुके हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि पहाड़ी जिलों में स्कूलों के बंद होने की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। इसका मुख्य कारण इन इलाकों से लगातार हो रहा पलायन और घटती आबादी है। उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में पलायन लंबे समय से एक बड़ी सामाजिक समस्या रहा है। इसका सीधा असर शिक्षा (शेष पृष्ठ 7 पर)



# चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाए

चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, सिंचाई, पर्यटन एवं खेल क्षेत्र से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।







उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चम्पावत को "आदर्श जनपद" के रूप में विकसित करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत के विकास के लिये चम्पावत में प्रशिक्षण हेतु टाइप-3/4 आवासीय परिसर तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण के साथ डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने 1000 परिवारों को मौन पालन (मधुमक्खी पालन) हेतु प्रशिक्षण आदि के लिये 2 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए मोनपोखरी से नीड तक 2 किमी सड़क का डामरीकरण एवं सुधारीकरण, अमोड़ी-छतकोट बाईपास में 5 किमी मोटर मार्ग/पुल निर्माण, जनपद में 50 हैंडपंपों की स्थापना, क्षेत्र पंचायत पाल्सो में आंतरिक टाइल्स मार्गों का निर्माण, ग्राम शक्तिपुरबूंगा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में 10-10 सोलर लाइट की व्यवस्था की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ब्यानधूरा बाबा मंदिर सहित सभी मेला स्थलों का सौंदर्यीकरण, नागनाथ मंदिर के समीप रामलीला मंच का निर्माण एवं विकास, चम्पावत में भवन एवं व्यापारिक परिसर का निर्माण, ढकना-बडोला से सेरोला तक लिंक मार्ग निर्माण, बनलेख से हिंगला देवी मंदिर तक मोटर मार्ग, पूर्वांचल एग्रो संस्कृत विद्यालय का पुनरोत्थान, जल संस्थान कार्यालय हेतु जल भवन का निर्माण, मनेश्वर-चौड़ा राजपुर मार्ग एवं उससे जुड़े मार्गों में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य, 20 स्थानों पर सोलर लिफ्ट पेयजल सिंचाई योजनाओं की स्थापना, जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा एवं कृषकों की आय वृद्धि हेतु 5 करोड़ की सामूहिक घेरबाड़ योजना की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अमोड़ी-सिप्टी मोटर मार्ग पर दो वैली ब्रिजों के निर्माण, खर्ककार्की क्षेत्र में खेल मैदान का विकास, विकास भवन चम्पावत का कुमाऊनी शैली में पुनरोद्धार तथा ग्राम सभा नघान से डोडेश्वर मंदिर तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी घोषणाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद के नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके। इस दौरान दायित्वधारी श्याम नारायण पांडे, अध्यक्ष जिला पंचायत आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, अध्यक्ष नगर पालिका चंपावत श्रीमती प्रेमा पांडेय, लोहाघाट गोविंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती, व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास शाह, सहित अनेक जनप्रति निधि, विभागीय अधिकारी कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं बड़ी संख्या में नागरिक व अन्य मौजूद रहे।

# मंगलवार को नॉनवेज बेचना तीन दुकानदारों को भारी पड़ा

## पांच-पांच हजार के चालान, सामान भी जब्त किया

रुद्रपुर। शहर में मंगलवार को मांस की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई की है। नगर निगम की टीम द्वारा की गई छापेमारी में तीन दुकानों नॉनवेज बिकता हुआ पाया गया जिस पर तीनों के चालान काटने के साथ ही सामान भी जब्त किया गया। बता दे नगर निगम ने मंगलवार को शहर में कच्चे ओर पके हुए नॉनवेज की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। मंगलवार को कुछ स्थानों पर नॉनवेज बेचे जाने की जानकारी मिलने पर महापौर विकास शर्मा ने टीम को तत्काल मौके पर जाकर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर के आदेश मिलते ही निगम की टीम हरकत में आई और छापेमारी की। जैसे ही निगम की टीम त्रिशूल चौक के पास दुकानो पर छापेमारी करने पहुंची वहां हड़कंप मच गया। इस दौरान इंडियन रेस्टोरेंट ओर बिस्मिल्ला रेस्टोरेंट में नॉनवेज खाद्य सामग्री पड़ोसी जा रही थी। जिस पर टीम ने दोनों ढाबों से खाद्य सामग्री सहित पतीले जब्त कर लिए ओर दोनों के पांच पांच हजार के चालान की कार्रवाई की। इसके पश्चात टीम ने ट्रांजिट कैंप में सरदार जी चिकन दुकान पर छापा मारा। यहां कच्चा मीट मिलने पर तराजू और अन्य सामान जब्त करने के साथ ही पांच हजार का चालान भी काटा।निगम अधिकारियों ने दुकान स्वामी को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर दुकान को सील करने के साथ ही भारी जुर्माना वसूला जाएगा। निगम की टीम ने इस दौरान क्षेत्र के अन्य होटल और ढाबा संचालकों को भी सख्त हिदायत दी। टीम के सदस्यों ने कहा कि शहर की मर्यादा और नियमों के तहत मंगलवार को कच्चा या पका हुआ मीट बेचना और होटल-ढाबों में परोसना पूरी तरह प्रतिबंधित है। जो भी इन आदेशों की अवहेलना करेगा, उसके विरुद्ध नगर निगम अधिनियम के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। छापेमारी में मुख्य रूप से जेई मनोज कुमार गहतोड़ी,जेई शुभम कुमार, शुभम सिंह,पंकज बिष्ट, भूपेंद्र,जसवीर और सुमित सहित नगर निगम के अन्य कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।



# कच्ची शराब बेच रहे युवक को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को कच्ची शराब के पाउच के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर अतिरिक्त उपनिरीक्षक हृदेश परिहार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मछली बाजार के पास मुखबिर से सूचना मिली कि आजाद नगर की गली नंबर 3 में एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर पीली कोठी के सामने गली में एक टेम्पो की आड़ में बैठा व्यक्ति घबराकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया गया।तलाशी लेने पर आरोपी के पास रखे सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे से 43 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम शीतल कुमार निवासी आजाद नगर वार्ड नंबर 4 बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह काफी समय से कच्ची शराब बेचने का कारोबार कर रहा है। पुलिस ने बरामद शराब को सील कर कब्जे में ले लिया है। इस पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी आधुनिक तकनीक के माध्यम से ई साक्ष्य ऐप पर की गई। पुलिस टीम में कांस्टेबल विपेंद्र सिंह भी शामिल रहे। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एसटीएच से बाईक व बनभूलपुरा से कार चोरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर हुई बाइक चोरी के पांच महीने पुराने मामले में पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज किया है। वहीं 28 मार्च की रात्रि बनभूलपुरा क्षेत्र से कार चोरी हो गई। इंदिरानगर निवासी सुजीत कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 अक्टूबर 2025 को वह अपनी पत्नी और आठ दिन के बच्चे को उपचार के लिए एसटीएच लेकर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे पार्किंग में खड़ी की और इमरजेंसी विभाग की ओर चले गए। जब वे वापस लौटे तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। वहीं बनभूलपुरा कोतवाली क्षेत्र से एक कार चोरी हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड-24 अली शाह बाबा की मजार निवासी नावेद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 28 मार्च को उसने मजार ग्राउंड में रोज की तरह अपनी कार पार्क की थी। 29 मार्च को जब वह वापस लौटा तो देखा कि उसकी कार गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी कार का कोई सुराग नहीं मिला। बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है और जल्द ही कार चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकली ध्वज यात्रा

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर शहर में आयोजित ष्भव्य ध्वज यात्राष ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने शिरकत की। भगवा ध्वजों और ष्जय श्रीरामष के गगनभेदी उद्घोषों के बीच निकली इस यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने भगवान हनुमान के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक है। गदरपुर की सड़कों पर उमड़ा यह जनसैलाब हमारी अटूट आस्था और एकता का प्रमाण है। उन्होंने कामना की कि बजरंगबली की कृपा सभी पर बनी रहे और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। सुखीजा ने भव्य आयोजन के लिए आयोजकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी को पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन मिंटू गुंबर ने कहा कि हनुमान जी का जीवन हमें अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। गदरपुर में दिखा यह श्रद्धा का संगम शहर की साझा संस्कृति और भाईचारे की अनूठी मिसाल है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर पालिका प्रशासन शहर के हर उत्सव को व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं, विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भारी मौजूदगी रही। कार्यक्रम में अंकित गगनेजा, आशु झाम, अश्वनी कुमार, सोनू विश्वास, नितिन छाबड़ा, आकाश ढींगरा, अक्षित गगनेजा, राजकुमार सिंधी, संजय अश्गोला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में पुस्तकें वितरित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस के अवसर पर नि:शुल्क पुस्तक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने की। सत्र के पहले ही दिन नई पुस्तकें पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुमित मंडल ने कहा कि पुस्तकें केवल अध्ययन की सामग्री नहीं हैं, बल्कि ये जीवन को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने की अपील की।प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने सत्र के पहले ही दिन पाठ्यपुस्तकों के वितरण को विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य की बात बताया। उन्होंने छात्रों से पुस्तकों का सदुपयोग करने और कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने का आह्वान किया। इस दौरान कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को हिंदी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान सहित विभिन्न विषयों की पुस्तकों का वितरण किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता विनोद कुमार ने किया। इस अवसर पर सीआरसी समन्वयक दिव्यांश प्रताप सिंह, पूर्व पीटीए अध्यक्ष बलाई दास, डॉ. राजकमल सिंह, बी.एल. पटेल, आनंद भास्कर, शंकर डाकुआ, आशीष राय, सुशील उपाध्याय सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# अध्यापिका लीला देउपा को दी भावभीनी विदाई

किच्छा (उद संवाददाता)। शांतिपुरी कन्या हाई स्कूल में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती लीला देउपा के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्राओं ने उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट शिक्षण कार्यों और उनके सहयोगात्मक व्यवहार को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी एवं कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने श्रीमती देउपा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने उनके सेवाकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शांतिपुरी ही उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि रही है। मात्र 7 वर्ष दिनेशपुर और अन्य स्थानों पर सेवा देने के बाद, उन्होंने अपना अधिकांश कार्यकाल शांतिपुरी कन्या हाई स्कूल में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ समर्पित किया। डॉ. उपाध्याय ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि उनके मार्गदर्शन में पिछले 8 वर्षों से विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जो उनकी कार्यकुशलता का प्रमाण है।प्रधानाचार्य बृजेश गुप्ता ने विदाई देते हुए कहा कि लीला देउपा के कार्यकाल में छात्राओं ने न केवल बेहतर शिक्षा प्राप्त की, बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। उनके योगदान को विद्यालय आने वाले लंबे समय तक याद रखेगा।



# खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त उर्वरक विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## 28 दुकानों में छापेमारी, दो लाइसेंस निलंबित और चार को नोटिस जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में रासायनिक उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने के लिए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में कृषि विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव के नेतृत्व में टीम ने जिले की 28 खाद की दुकानों और सहकारी समितियों पर छापेमारी कर सत्यापन किया। इस दौरान भारी अनियमितता पाए जाने पर गल्ला मंडी स्थित मैसर्स अजंता फर्टिलाइजर के स्वामी वैभव अरोड़ा के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रशासनिक कार्यवाही के तहत विभाग ने दो उर्वरक लाइसेंस भी निलंबित कर दिए हैं। इसमें मैसर्स अजंता फर्टिलाइजर, रुद्रपुर और बहुउद्देशीय बाजपुर प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड का लाइसेंस शामिल है। इसके अतिरिक्त चार अन्य विक्रेताओं को कमियां पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद की सीमा उत्तर प्रदेश और नेपाल से लगती है, ऐसे में यदि कोई भी विक्रेता जिले के बाहर के किसानों को उर्वरक बेचता पाया गया तो इसे कालाबाजारी मानकर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। किसानों को सुविधा देने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विभाग ने नए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। अब प्रत्येक किसान को यूरिया खरीदने के लिए आधार कार्ड और खतौनी देना अनिवार्य होगा। एक किसान को बिना अनुमति के अधिकतम 5 बैग यूरिया ही दिया जा सकेगा। यदि किसी किसान की भूमि अधिक है और उसे 5 बैग से ज्यादा यूरिया की आवश्यकता है, तो उसे मुख्य कृषि अधिकारी से मोबाइल नंबर 9413987380 पर अनुमति लेनी होगी। विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे पंजिका में किसान का नाम, मोबाइल नंबर और खसरा नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। साथ ही, किसानों पर यूरिया के साथ अन्य कृषि उत्पाद खरीदने का दबाव (टैगिंग) बनाने वाले विक्रेताओं पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा। मुख्य कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदें और किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं।

# जालीदार टोपी से घबराए ठुकराल अतीत की बातें करें याद: मीना शर्मा

## उनका परिवार इस तरह के कृत्यों को सहन करता रहा



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने पूर्व विधायक ठुकराल पर एक बार फिर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मीनाने कहा है की अभी दो दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हिंदू हृदय सम्राट एक जालीदार टोपी लगा फोटो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इतना घवरा गए है कि आनन फानन में उन्होंने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट भी दर्ज करा दी और स्पष्टीकरण भी देने लगे। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह और उनका परिवार तो पिछले बीस वर्षों से इस तरह के कृत्यों को सहन करता रहा है पर वह घवराई नही। श्रीमती शर्मा ने कहा उनका परिवार विपरीत परिस्थितियों में भी हमेशा कांग्रेस के साथ जुड़ा रहा और पूरी निष्ठा, समर्पण के साथ कार्य किया। श्रीमती शर्मा ने कहा कांग्रेस में आये इन्हीं हिंदू हृदय सम्राट द्वारा उन्हें और उनके पति अनिल शर्मा को मुसलमान घोषित कर रखा था। उनका नाम अमीना खातून, और श्री शर्मा का नाम अनीस खां रख दिया था। जबकि सबको पता है कि हम ब्राह्मण परिवार के है, और पति अनिल शर्मा ने शहर की प्रमुख रामलीला में 34 वर्षों तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जीवंत अभिनय भी किया था। श्रीमति शर्मा ने कहा कि इन्हीं ठुकराल द्वारा उनके और श्री शर्मा के वह फोटो जो मुस्लिम समुदाय के साथ खींचे हुए थे, उन्हें चुनावों में इस्तेमाल किए जाते रहे और लाखों की संख्या में वह फोटो प्रिंट करके पूरे शहर में घर घर बाँटते रहे पर हम कभी विचलित नही हुए। किंतु अब एक ही फोटो से हिंदू हृदय सम्राट इतने घवरा गए कि रिपोर्ट करने कोतवाली पहुंच गये।श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह और उनका परिवार हमेशा साम्प्रदायिक सद्भावना को मजबूत करता रहा और वह हमेशा इस पर कायम रहेंगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि अब ठुकराल को मुस्लिम परिवार में जाकर उनकी महिलाओं के हाथो की बनी चाय भी पीनी पड़ेगी और सीबई भी खानी पड़ेंगी, जिसमे वह उनके अनुसार थूक डालकर देती है।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार



काशीपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के अपराधियों के विरुद्ध सख्त रुख के चलते काशीपुर पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तलवार भी बरामद कर ली है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। घटना के विवरण के अनुसार ग्राम गांधीनगर खत्ता निवासी हरजीत सिंह ने कोतवाली काशीपुर में तहरीर देकर बताया था कि बीती 9 मार्च को मंगल सिंह, मलकीत सिंह सहित पांच लोगों ने उनके पिता सतनाम सिंह और माता हरजीत कौर पर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों और तलवार से हमला कर दिया था। इस हमले में उनके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ऊधमसिंह नगर ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने सुरागरसी करते हुए कुंडेश्वरी क्षेत्र से दो नामजद अभियुक्तों मंगल सिंह और मलकीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त मंगल सिंह बाजपुर के ग्राम हजीरा बरहैनी का निवासी है, जबकि मलकीत सिंह काशीपुर के गांधीनगर खत्ता का रहने वाला है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर हमले में इस्तेमाल की गई एक तलवार भी बरामद की है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक कंचन पडलिया, कांस्टेबल सुनील कुमार और जगदीश पपनै शामिल रहे। पुलिस अब घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा आज सायं



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्री बालाजी मंदिर रूपनगर में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आज एक अप्रैल को बरेली रोड लक्ष्मी शिशु मंदिर से मुखानी स्थित रुपनगर श्री बालाजी मंदिर में भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। उक्त जानकारी मंदिर महंत व्यवस्थापक पूरन चंद पाठक ने बताई। उन्होंने बताया कि प्रथम दिवस पर श्री बालाजी महाराज को चांदी का चोला अर्पित किया गया। चोला अर्पित करने में पूरनचंद पाठक, भुवन चंद पनेरु, मुकेश बोरा, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक सुमित हृदेयश, मनोज पाठक, गोपाल सिंह नेगी आदि के द्वारा अर्पित किया गया। उन्होंने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ आज शाम 5 बजे से लक्ष्मी शिशु मंदिर से प्रारंभ होगा। समापन श्री बालाजी मंदिर रूपनगर पर होगा। यह यात्रा लक्ष्मी शिशु मंदिर, सिंधी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा, जेल रोड, मुखानी चौराहा होते हुए श्री बालाजी मंदिर रूपनगर पर संपन्न होगी। जिसमें जगह जगह पर भक्तों के द्वारा श्री बालाजी महाराज का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया हनुमान जन्मोत्सव के तृतीय दिवस 2 अप्रैल दिन गुरुवार को श्री बालाजी मंदिर रूप नगर में प्रात: 9 बजे से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन एवं 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन और रात्रि 8 बजे से बालाजी महाराज का संकीर्तन प्रारंभ होगा। जिसमें 56 भोग और 101 किलो चूरमे के लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। इस बार श्री बालाजी महाराज का 56 फीट का भव्य दरबार वैभव गुप्ता के द्वारा लगाया जा रहा है। उन्होंने सभी भक्तों से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया। मंदिर व्यवस्था में भुवन चंद पनेरु, हरेंद्र त्रिपाठी, मनीष जोशी, कार्यक्रम संयोजक वाराश शर्मा , अतुल गुप्ता, दीपचंद तिवारी, रोमी अरोड़ा, खीमानंद बृजवासी, नितिन तिवारी, निखिल तिवारी, प्रतीक सडाना, मुकेश बोरा, जीवन सिंह नेगी, लाल बाबू यादव, वैभव गुप्ता, रक्षित सनवाल, रोहित साहू, मानस बोरा, आशुतोष उप्रेती, धैर्य कांडपाल, कुंदन गुप्ता, नरेंद्र रावत, वीरेंद्र भास्कर, महिला मंडल की व्यवस्था हेमा पाठक, बीना पंत, महिला अध्यक्ष मन्नत कौर, नंदिनी साहू आदि अनेक कार्यकर्ताओं को व्यवस्था दी गई।

# झांकियों को लेकर विवाद, आमने-सामने आए दो पक्ष

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में हनुमान जन्मोत्सव की शोभा यात्रा के दौरान झांकियों के प्रदर्शन को लेकर उपजा विवाद अब कोतवाली तक पहुँच गया है। मंगलवार को श्री बालाजी मंदिर कोसी घाट से जुड़े सैकड़ों लोगों ने कोतवाली का घेराव कर जमकर हंगामा किया। इस दौरान करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी और मंदिर समिति के महंत डॉक्टर शुभम गर्ग के समर्थकों के बीच तीखी बहस और नारेबाजी हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर सौंपकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।विवाद की जड़ शोभा यात्रा में शामिल झांकियों के स्वरूप को लेकर है। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी का आरोप है कि यात्रा में भगवान शंकर और पार्वती के स्वरूपों को सड़क पर अमर्यादित अवस्था में नचाया जा रहा था, जो हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि मंदिर समिति से कई वर्षों से इस पर रोक लगाने का अनुरोध किया जा रहा था, लेकिन सोमवार को फिर वही कृत्य दोहराया गया जिसका उन्होंने विरोध किया। दूसरी ओर, बालाजी मंदिर के महंत डॉक्टर शुभम गर्ग ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए करणी सेना के पदाधिकारियों पर शोभा यात्रा के दौरान अभद्रता और व्यवधान डालने के गंभीर आरोप लगाए हैं। कोतवाली में प्रदर्शन कर रहे मंदिर समिति के लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। महंत शुभम गर्ग ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की, तो वे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से वार्ता करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संतोषजनक कार्रवाई न होने पर आगामी 2 अप्रैल को प्रस्तावित विशाल भंडारे और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का बहिष्कार किया जाएगा।





# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 315 बोर का चालू हालत का तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संदिग्धों की चेकिंग के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान मॉडल कॉलोनी की ओर जाने वाली रोड पर एक निर्माणाधीन गेट के पास पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में बैठा दिखाई दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमन कुमार निवासी नारायण कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप बताया। तलाशी लेने पर उसकी जींस की फेंट से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और जेब से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पूछताछ में आरोपी अमन ने बताया कि वह यह तमंचा और कारतूस करीब दो-तीन महीने पहले अपने पैतृक गांव शेरगढ़, बरेली (उत्तर प्रदेश) से लेकर आया था। पुलिस ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ई-साक्ष्य ऐप के जरिए पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी की। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम में कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह और महेश पंचपाल शामिल रहे।

# सेवानिवृत्त होमगार्ड बाबूराम को दी भावभीनी विदाई



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। यातायात कार्यालय रुद्रपुर में निरीक्षक यातायात नरेंद्र आर्या की अध्यक्षता में एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबूराम की कर्तव्यनिष्ठा और लंबी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।होमगार्ड बाबूराम वर्ष 1984 में विभाग में भर्ती हुए थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जनपद नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहकर यातायात प्रबंधन, निर्वाचन ड्यूटी, कुंभ और कांवड़ मेला जैसी चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण ड्यूटियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। 31 मार्च 2026 को वे 41 वर्ष 4 माह और 19 दिन की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। विदाई समारोह के दौरान निरीक्षक यातायात ने उन्हें स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। यातायात पुलिस परिवार की ओर से बाबूराम के सुखद, शांत और स्वस्थ सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस गरिमामय कार्यक्रम में यातायात पुलिस और सीपीयू में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही बाबूराम के परिजन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री गुरु नानक एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

नानकमत्ता। श्री गुरु नानक एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपने अभिभावकों एवं स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा-1 में वान्या गुलाटी ने प्रथम, भार्गवी ने द्वितीय तथा प्रिशा और वीरजदीप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-2 में हर्षगुण कौर प्रथम, आयुष्मान बिष्ट द्वितीय एवं पर्णिका राणा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा-3 में युवराज सिंह और युविका चंद ने संयुक्त रूप से प्रथम, सरगुन सिंह ने द्वितीय तथा ध्रुव चंद ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा-4 में साहिबजोत सिंह प्रथम, हितांशी जोशी द्वितीय एवं मानकीरत कौर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा-5 में सहजदीप कौर प्रथम, शुभरीत कौर द्वितीय और लवरीत कौर तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा-6 में गुरसीरत कौर प्रथम, योगेश राणा द्वितीय तथा समर्थवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा-7 में हरप्रीत कौर प्रथम, प्रगति अग्रवाल द्वितीय एवं आराध्या तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा-8 में खुशमीत कौर प्रथम, मनप्रीत कौर द्वितीय और मनदीप कौर तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा-9 में लवप्रीत सिंह प्रथम, नवरीन कौर द्वितीय तथा निवेदिता चंद तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा-11 में हिमांशु बिष्ट प्रथम, हरमन सिंह द्वितीय एवं गुरविंदर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती सुरेंद्र कौर,प्रधानाचार्या मीनाक्षी प्रभाकर एवं प्रशासक सुखवंत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के अध्यापकगणख्रप्रीति सिंह, वंशिका गौड़, सिमरनजीत कौर, दीपिका गुलाटी, गोविंद मेहता, भुवन चंद, वीरेंद्र सिंह, पंकज राणा, रानू मसीह, आनंद कश्यप, राहुल सक्सेना, होशियार चंद ने हर्ष व्यक्त किया।

# चम्पावत को मिली 36.83 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

## सीएम ने गांधी चौक में 100 फीट ऊंचे तिरंगे का किया अनावरण, 17 परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास







चंपावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए जनकल्याण एवं आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने के लिये 36.83 करोड़ की 17 योजनाओं शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें 7.12 करोड़ लागत वाली 4 योजनाओं का लोकार्पण तथा 29.71 करोड़ की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा इन योजनाओं से चम्पावत के अंतिम छोर तक विकास का लाभ पहुंचेगा और जनपद तेजी से "आदर्श जनपद" के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने गांधी चौक में स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत अनावरण भी किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रसेवा का भाव जागृत करता है तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा चम्पावत को "आदर्श जनपद" बनाने का संकल्प इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जनपद में 117 करोड़ से अधिक की लागत से गोलज्यू कॉरिडोर का निर्माण प्रगति पर है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए जिला चिकित्सालय में 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित किया गया है तथा 5 करोड़ की लागत से सीटी स्कैन एवं एमआरआई जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 57 करोड़ की लागत से बन रहा साइंस सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में बच्चों को आधुनिक ज्ञान से जोड़ते हुए उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि शारदा कॉरिडोर के निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि खेल क्षेत्र में बेटियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लोहाघाट में 257 करोड़ की लागत से राज्य का पहला महिला स्पोर्ट्स कॉलेज निर्माणाधीन है। इसके साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर ड्राई पोर्ट निर्माण तथा बुजुर्गों के लिए 8.99 करोड़ की लागत से वृद्धाश्रम भवन निर्माणाधीन है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान वीर सैनिकों, वीर नारियों एवं पर्यावरण मित्रों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा कि सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, अध्यक्ष जिला पंचायत आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, अध्यक्ष नगर पालिका चंपावत श्रीमती प्रेमा पांडेय, लोहाघाट गोविंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती, व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास शाह सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं बड़ी संख्या में नागरिक व अन्य मौजूद रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई सेल्फ डिफेन्स प्रशिक्षण शिविर संपन्न

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। समग्र शिक्षा, उत्तराखंड एवं जिला उधम सिंह नगर शिक्षा विभाग के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, छत्तरपुर में तीन माह से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई सेल्फ डिफेन्स प्रशिक्षण शिविर का समापन जू-जित्सु प्रतियोगिता कराकर किया गया।इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती हेमलता लोहनी ने छात्राओं को खुद की सुरक्षा के लिए तत्पर रहने का संकल्प दिलाया। और कहा कि आज जिस तरह की घटनाए महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहीं हैं, उसके लिए यह प्रशिक्षण काफी मददगार साबित होगा। जिससे वो अपने साथ अपने दोस्तों और रिश्तेदारां की भी मदद कर सकती है। उन्होंने ओर आगे कहा कि रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं को केवल आत्मरक्षा की तकनीकें ही नहीं सिखा रहा, बल्कि उनमें आत्मसम्मान, सतर्कता, साहस और निर्णय क्षमता का भी सशक्त विकास कर रहा है। विद्यालयों



में नियमित अभ्यास और प्रशिक्षित मार्गदर्शन के कारण बालिकाएं स्वयं को अधिक सुरक्षित, सजग और आत्मविश्वासी महसूस कर रही हैं। साथ ही उन्होंने विद्यालय में सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण देने पर राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी एवं कोच गुलशन कुमार के कार्य की सराहना की। शिविर में कोच गुलशन द्वारा छात्राओं को पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी की पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों से वार करना, पेन के जरिए हमला करना, दुपट्टे के इस्तेमाल से अटैकर को धूल चटाना जैसी तकनीकों के साथ साथ छात्राओं को की-होंन में ब्लॉक, पंच, किक, काता, रोल, थ्रो एवं महत्वपूर्ण तकनीकों को सिखाया गया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला जुख्रजित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के महासचिव व प्रशिक्षक सिहान ऋषि पाल भारती द्वारा छात्राओं में खुद की रक्षा का आत्मविश्वास जगाया गया, ताकि वे किसी भी परिस्थिति का सामना खुद कर सकें। ओर उन्होंने कहा कि सभी बालिकाएं स्वयं की रक्षा करना सीखें। अगर कोई आपके प्रति गलत नीयत रखता है या आपकी इच्छा के विरुद्ध कार्य करता है। उसकी तत्काल अपने अभिभावकों, स्कूल में हैं तो स्कूल प्रबंधन और पुलिस को जरूर जानकारी दें। अपराधी को कानूनी कटघरे में लाने के लिए किसी भी प्रकार का भय या संकोच नहीं होना चाहिए। अपराधी को माफ करने या छोड़ने से ही अपराध बढ़ता है। कानून सभी के लिए बराबर हैं। अतः प्रत्येक बालिकाएं सबल बने तथा आत्मरक्षा की शिक्षा पाए जिससे निडर व बेखौफ होकर जीवन को जीया जा सके।प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में रागिनी, लक्ष्मी, चांदनी मौर्य, शिखा यादव ने स्वर्ण पदक, प्रिंशी, नंदिनी, कविता मिश्रा, मधु ने रजत पदक एवं अमृता, वैशाली, रोली, सलोनी, कोमल, हेमा, नेहा सरोज, हिमांशी वर्मा ने कांस्य पदक जीते। समापन अवसर पर सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक गणों में मदन लाल लोधी, मनोरमा कांडपाल, बीना जोशी, स्मृति भट्ट सभी मौजूद रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाइटिस • स्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# गदरपुर में मुख्यमंत्री धामी के आगमन पर गुंजन की गूंज

## भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में सीएम धामी के स्वागत के लिए उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम







गदरपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सोमवार को गदरपुर में आगमन हुआ। गदरपुर बाईपास पर आयोजित इस स्वागत समारोह ने एक नया इतिहास रच दिया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता का ऐसा उत्साह देखने को मिला, जिसने यह साबित कर दिया कि क्षेत्र की जनता के दिल में मुख्यमंत्री और उनके के प्रति गहरा स्थान है। इस कार्यक्रम की सबसे विशेष और उल्लेखनीय बात यह रही कि मुख्यमंत्री के सड़क मार्ग से गदरपुर बाईपास से गुजरने का निर्णय उसी दिन सुबह लगभग 11 बजे लिया गया था। शाम 6 बजे होने वाले इस आगमन के लिए समय बहुत ही कम था, लेकिन भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा की लोकप्रियता और सक्रियता के चलते मात्र कुछ घंटों के भीतर ही 3,000 से अधिक लोगों का हुजूम बाईपास पर एकत्रित हो गया। जैसे ही मुख्यमंत्री जी का काफिला गदरपुर की सीमा में प्रविष्ट हुआ, पूरा वातावरण पुष्कर सिंह धामी जिंदाबाद और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री जी का भव्य स्वागत किया और उन्हें लड्डू से तोलकर अपना प्रेम व्यक्त किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा थिरकते नजर आए और जोरदार आतिशबाजी ने वातावरण को उत्सव के रंग में बदल दिया। मुख्यमंत्री पर पुष्प वर्षा कर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा यह गदरपुर की देवतुल्य जनता का मुख्यमंत्री के प्रति अटूट प्रेम और अटूट विश्वास ही है कि मात्र चंद घंटों के बुलावे पर हजारों की संख्या में लोग यहाँ खिंचे चले आए। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज का यह ऐतिहासिक जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि जनता मुख्यमंत्री जी की कार्यशैली पर अपनी मुहर लगा चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मात्र कुछ घंटों की सूचना पर इतनी विशाल संख्या में मातृशक्ति, युवाओं और बुजुर्गों का यहाँ आशीर्वाद देने पहुँचना इस बात का प्रतीक है कि हमारा उत्तराखंड अब रुकने वाला नहीं है। यह प्रेम और विश्वास ही मेरी असली पूंजी है, जो मुझे दिन-रात प्रदेश की सेवा करने के लिए नई ऊर्जा और शक्ति प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गदरपुर चेयरमैन मिंटू गुंबर, दिनेशपुर चेयरमैन कवल सिंह, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर राज्य मंत्री मनजीत राजू, नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह धर्मवाल,और भाजपा नेता सुखदेव नामधारी उपस्थित रहे।साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना व शशिप्रीत सिंह, भाजपा नेता तिलक राज गंभीर, महेंद्र कालरा, भोला शर्मा, बाबू तोमर, राजीव पपनेजा, राजेश गुंबर, सुभाष गुंबर, शिशिर तरफदार, हीरा कार्की और भूपेंद्र कोश्यारी ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत सदस्य सिल्की खेड़ा, प्रधान संघ अध्यक्ष संजय चौधरी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख रविंद्र सिंह सहित प्रधान बब्बू दहुजा, जसवीर सिंह, अजय राजपूत, ब्रिजेश सिंह, दीपक सिंह, सुदेश डांग, प्रवीण कुमार, रिजवान और रईस अहमद ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बीडीसी सदस्यों में बलवीर सिंह, रवि सैनी, पवन राजपूत, मंगत सिंह, विक्रमजीत, उदित वर्मा और गुरविंदर गोपी मौजूद रहे। वहीं वार्ड सदस्यों में अश्वनी कुमार, परमजीत पम्मा, सचिन गुप्ता, मुकेश चावला, विशंभर बैरागी, प्रीतम गाइन, नारायण हलदार, सौरभ मंडल, विष्णुपद शील, संजय, राखाल मंडल, बलराम मंडल और गोपाल मिस्त्री,पूर्व सैनिक संगठन में कैप्टन धन सिंह कोरंगा, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, सूबेदार कुलदीप सिंह, सूबेदार विक्रम सिंह, भगत सिंह धर्मशक्तू, देव सिंह धर्मशक्तू, रमेश कन्याल, कैलाश पाठक, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह पानू, पूरन सिंह बिष्ट, लाल सिंह पानू, विनोद भट्ट, आनंद सिंह कोश्यारी और सूबेदार गोविंद सिंह कोश्यारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# अटरिया मेला हमारी सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक: विकास शर्मा

## महापौर विकास शर्मा ने किया अटरिया मेले का शुभारंभ

रुद्रपुर। अटूट आस्था के प्रतीक प्राचीन अटरिया देवी मंदिर में वार्षिक मेले का महापौर विकास शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण और विशेष पूजा-अर्चना के बीच नारियल फोड़कर और फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान मंदिर परिसर 'अटरिया माता की जय' के उद्घोष से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से महापौर का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। महापौर ने माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख- समृद्धि की कामना की और मेले में सजी दुकानों का अवलोकन कर स्थानीय व्यापारियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि अटरिया मेला हमारी प्राचीन सनातन परंपराओं का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने मंदिर के पौराणिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि माता की असीम अनुकंपा से ही यह क्षेत्र आज प्रगति के पथ पर अग्रसर है। महापौर ने कहा कि यह आयोजन महज एक मेला नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का दर्पण है, जो समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सामंजस्य और आपसी प्रेम को बढ़ावा देता है। उन्होंने विशेष रूप से लोकल फॉर वोकल की अवधारणा का जिक्र करते हुए कहा कि इस मेले से न केवल स्थानीय बल्कि दूर-दराज से आए छोटे कारोबारियों को रोजगार का एक बड़ा मंच मिलता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और समरसता की नींव मजबूत करते हैंघ् यह मेला स्थानीय हस्तशिल्पियों और छोटे व्यापारियों के लिए संजीवनी के समान है, जो उनकी आर्थिकी को सुदृढ़ करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की धामी सरकार उत्तराखंड की लोक संस्कृति और पारंपरिक मेलों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महापौर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को साझा करते हुए कहा कि देवभूमि की पवित्रता और यहां की डेमोग्राफी को सुरक्षित रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजक तत्वों और लैंड जिहाद लव जिहार जैसी घिनौनी परंपराओं के विरुद्ध धामी सरकार ने जो कड़े कदम उठाए हैं, वे राज्य की सांस्कृतिक सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हें। नगर निगम भी इसी दिशा में कार्य करते हुए धार्मिक स्थलों के कायाकल्प में जुटा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने लैंड जिहाद के खिलाफ कड़े एक्शन लिये हैं और धार्मिक स्थलों को भी सजाने संवारने का काम किया जा रहा है। धार्मिक स्थलों को सजाने की शुरूआत उन्होंने अटरिया माता के मंदिर से ही की थी। शहर को एक धार्मिक स्वरूप प्रदान करने के लिए बनाया गया त्रिशूल चौक आज शहर ही नहीं बल्कि यहां बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बन चुका है। जल्द ही डमरू चौक भी अपनी शोभा बढ़ायेगा। इसके साथ ही शहर की धार्मिक पहचान को और आगे बढ़ाने के लिए गंगापुर रोड पर शिव कॉरिडोर बनाये जाने की कवायद भी शुरू हो गयी है, शिव कॉरिडोर बनने से शहर को एक नई धार्मिक पहचान मिलेगी। महापौर ने कहा कि शहर के धार्मिक स्थलों के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। उद्घाटन के दौरान महंत ऊषा देवी जी, पंकज गौर जी, राजेश कामरा, भोला सुखीजा, पुरुषोत्तम अरोरा और अरशद खान, कृष्ण लाल सुखीजा, केशव नारंग, खड़क सिंह, ओमप्रकाश, सन्नी, शरद खान, आकाश यादव, छात्र संघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।







# सर्वेश्वर सिंह हत्याकांड का खुलासा,तीन गिरफ्तार

## जमीन विवाद में घर के बाहर मारी थी रिवॉल्वर से गोली

गदरपुर( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर गदरपुर पुलिस ने जघन्य हत्याकांड का त्वरित खुलासा करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक विधि विवादित किशोर को भी पुलिस ने संरक्षण में लिया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवॉल्वर और कारतूस बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस की विभिन्न टीमें फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं।घटना के विवरण के अनुसार ग्राम बकैनिया निवासी उर्मिला सिंह ने कोतवाली गदरपुर में तहरीर देकर बताया था कि 29 मार्च की शाम उनके पति सर्वेश्वर सिंह की जमीन विवाद के चलते रंजिशन हत्या कर दी गई। आरोप था कि सर्वजीत सिंह, रविशंकर उर्फ गुड्डू और उनके साथियों ने घर के बाहर सर्वेश्वर सिंह को रिवॉल्वर से गोली मार दी,



जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सर्वजीत सिंह आदि के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए, जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक गदरपुर संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से अभियुक्तों की लोकेशन ट्रैक की। सटीक सूचना पर पुलिस ने कुईखेड़ी तिराहे के पास से मुख्य अभियुक्त सर्वजीत सिंह और रविशंकर उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। इनके साथ मौजूद एक किशोर को भी नियमानुसार संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने सर्वजीत सिंह के पास से हत्या में इस्तेमाल 32 बोर की लाइसेंसी रिवॉल्वर, एक खोखा कारतूस और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त सर्वजीत सिंह और रविशंकर दोनों ग्राम बकैनिया के ही निवासी हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध पुलिस का रुख बेहद सख्त है। इस मामले में वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी महतोष मुकेश मिश्रा, चौकी प्रभारी सकैनिया विजय कुमार, कांस्टेबल जीवन फुलेरा, राजेन्द्र बिष्ट और उमेश जोशी शामिल रहे।

# नशे में ड्यूटी करता विद्युत कर्मी निलंबित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिटी मजिस्ट्रेट ने अनुशासनहीनता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हाइडिल विभाग के काठगोदाम स्थित सेकेंडरी वर्क डिविजन कार्यालय में छापेमारी करते हुए नशे की हालत में ड्यूटी कर रहे एक कर्मी को निलंबित करने के निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के नेतृत्व में हुई इस अचानक छापेमारी कार्रवाई के दौरान कार्यालय सहायक दीपक बोरा दफ्तर में नशे



की हालत में पाए गए। प्रशासन को पहले ही उनके शराब पीकर कार्यालय आने की शिकायत मिली थी। जिसकी पुष्टि के लिए यह कार्रवाई की गई। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दीपक बोरा को फटकार लगाई और तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके बाद संबंधित कर्मचारी को मेडिकल परीक्षण के लिए बेस अस्पताल भेजा गया, ताकि नशे में होने की आधिकारिक पुष्टि की जा सके। इस सख्त कार्रवाई से विभागीय कर्मचारियों में खलबली मच गई।कार्यवाही के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट संदेश दिया कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 2027 के चुनावों के लिए जुटें कार्यकर्ता: रूहेला

## आपदा प्रबंधन मंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय रुद्रपुर में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी चुनावी रणनीतियों और संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में आपदा प्रबंधन मंत्री विनय रुहेला उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होने और पूरी ऊर्जा के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया गया।आपदा प्रबंधन मंत्री विनय रुहेला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब चुनाव का समय नजदीक आ गया है और सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विधानसभा की सभी सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से




उत्तराखंड में एक बार फिर कमल खिलेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने संगठन की एकजुटता को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पकड़ मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा।बैठक की कार्यवाही का शुभारंभ जिला महामंत्री तरुण दत्ता ने किया। इस सांगठनिक चर्चा के दौरान जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला मंत्री गजेंद्र प्रजापति, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, प्रीत ग्रोवर, राजेश तिवारी, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, आईटी संयोजक मानस जायसवाल, मीडिया संयोजक विजय तोमर और मण्डल अध्यक्ष मयंक तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह, महामंत्री शशांक वर्मा सहित पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बैठक में शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों ने आगामी चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# रुद्रपुर व काशीपुर में हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

रुद्रपुर। उत्तराखंड राज्य हज समिति द्वारा तथा स्वास्थ्य विभाग जिला उधम सिह नगर के सहयोग के पंडित राम सुमेर शुक्ला राजकीय मेडिकल कालेज व काशीपुर जिला अस्पताल में मंगलवार को हज टीका करण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य हज समिति लगातार हज यात्रियों की सुविधा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयास में अग्रसर है। जिसके किए उत्तराखंड सरकार विशेष तौर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार



केंद्रीय हज समिति तथा अल्प संख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार हाजियों के टीकाकरण हेतु राज्य चिकित्सालयों का चयन किया गया था। उत्तराखंड राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने जानकारी दी कि रुद्रपुर टीकाकरण शिविर में कुल 142 हज हाजियों का टीकाकरण तथा मेडिकल निरक्षण किया गया। वही काशीपुर जिला चिकित्सालय में आयोजित टीकाकरण शिविर में कुल 130 हज हाजियों के टीकाकरण तथा चिकित्सा निरक्षण किया गया है। हज समिति के सदस्य मुफ्ती मन्नान रजा ने बताया कि अब जल्दी ही उत्तराखंड राज्य हज समिति, हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिये कुमाऊ तथा गड़वाल में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगी। जिसमे हज यात्रा में पेश आने वाले मसाइल और तरीकों के बारे में हाजियों को जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के सकुशल सम्पन्न होने पर कार्यक्रम कोडिनेटर समिति के सदस्य मुफ्ती मन्नान रजा तथा जीशान ओवैसी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में सदस्या श्रीमती तरन्नुम खघान, हज अधिकारी मोहम्मद अहसान, एडवोकेट सैयद नदीम जैदी के अलावा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉ. डी. पी. सिंह अपर मुख्य चिकत्सा अधिकारी,प्रदीप महर एडीआईओ , संजय रावत, नन्दलाल, दीपा जोशी तौफीक अहमद ,जुनैद कमर, दीशा शुक्ला,अंकुर धवन, श्रीमती रजनी भट्ट, संजय रावत, अंजु मिश्रा, श्वेता, सुमन, पूजा, पायल, आकाश कुमार, विनोद टम्टा, चंदन सिंह आदिलोग उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मंदिर में भगदड़

केंद्र और राज्य सरकारों के दावों के बावजूद देश में भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार में नालंदा जिले के मघड़ा गांव में मंगलवार को प्राचीन शीतला माता मंदिर में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना में कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। यह हादसा बताता है कि इस तरह की पहले की घटनाओं से कहीं कोई सबक नहीं लिया गया।प्रारंभिक जांच में इस भगदड़ का कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटना बताया जा रहा है, हालांकि इसकी असली वजह गहन जांच-पड़ताल के बाद ही सामने आ पाएगी। सवाल है कि धार्मिक स्थलों और बड़े आयोजनों में लोगों की भीड़ को व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त क्यों नहीं किए जाते?सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से होती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है।गौरतलब है कि पिछले कुछ माह में भगदड़ की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। कुंभ में भगदड़ मचने से अनेक लोग मारे गए थे। इसके बाद बंगलुरु में आरसीबी की जीत के जश्न में आयोजित समारोह में भगदड़ से कई लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा पुरी में भगदड़ ने कई लोगों की जान ले ली थी। इससे पहले हाथरस के एक आश्रम में भगदड़ की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की घटना को भी नहीं भूला जा सकता।आखिर ऐसी कितनी घटनाओं के बाद शासन और प्रशासन चेतेगा। कहा जा रहा है कि नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ जमा हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। सवाल है कि स्थानीय प्रशासन धार्मिक स्थलों पर लोगों की संभावित भीड़ का अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है?क्या इसका कारण उसकी संवेदनहीनता है या फिर संबंधित अधिकारी इस बात से निश्चिंत होते हैं कि कोई भी घटना हो जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। अक्सर यह देखा गया है कि इस तरह के मामलों में निचले स्तर के कर्मियों पर तो तात्कालिक कार्रवाई की जाती है, लेकिन संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। धार्मिक स्थलों और बड़े आयोजनों में भगदड़ के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लोगों की ज्यादा भीड़ जमा होना, बाहर निकलने की सही व्यवस्था न होना, भीड़ को संभालने एवं नियंत्रित करने की व्यवस्था का अभाव और आयोजन स्थल पर बुनियादी सुविधाओं की कमी शामिल है। कई बार ऐसे स्थलों पर अफवाह की वजह से भी इस तरह के हादसे होते हैं।ऐसा नहीं है कि स्थानीय प्रशासन इन कारणों से अनभिज्ञ होता है, इसके बावजूद अगर भगदड़ में निर्दोष लोगों की जान चली जाए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या ऐसी किसी घटना के बाद संबंधित कर्मचारियों को निर्लंबित कर देने की कार्रवाई काफी है, क्या इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जानी चाहिए! बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि नालंदा की इस घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच की जाएगी और दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा।

# के.जे.एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

नानकमत्ता। के.जे.एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नानकमत्ता में शैक्षिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर कैलाश चन्द्र जोशी, प्रेसिडेंट चंद्रा जोशी, प्रधानाचार्य दलजीत सिंह, प्रधानाचार्य महेश जोशी एवं उपप्रधानाचार्य पीयूष गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी कक्षा में अनिका ने 100% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, ओम पंतोला ने 98.3% के साथ द्वितीय तथा नील राणा (97.8%) और नवजोत कौर (97.9%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एल.के.जी. में शौर्या बिष्ट ने 100% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अभिनव सिंह (97.8%) व कार्तिक अटवाल (97.6%) द्वितीय तथा अरहान खान (96.8%) और अनय चंद (96%) तृतीय स्थान पर रहे। यू.के.जी. में रिया व संध्या (99.9%), महिमा व तनुषा (99.8%), चिराग (99.7%) और कुश (99%) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्वितीय स्थान सिया गुप्ता (98.8%) व शिवांग जोशी (97.2%) तथा तृतीय स्थान शिवानी, पार्थ गुप्ता, मनवीर, आरवी सिंह एवं अनहद सिंह ने प्राप्त किया। कक्षा 1 में सीरत कौर (98.9%) प्रथम, प्रियान्शु भट्ट,



जसमीत कौर व वेदानशी गंगवार द्वितीय तथा सर्गुंजोत कौर व हिमानी गरकोटी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 2 में जपनीत कौर (99.4%) प्रथम, हरजोत कौर द्वितीय तथा हार्दिक राणा, लवली जोशी व अनिका कुमारी द्वितीय श्रेणी में रहे, जबकि अंबिका, भावना जोशी व हरशिका जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 3 में हर्ष अग्रवाल (99.65%) प्रथम, यशु अटवाल, शौर्य कश्यप व रियांश गुप्ता द्वितीय तथा पीयूष चंद व सूरज जोशी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 4 में लक्ष्य जोशी, युवराज सिंह बिष्ट, लक्षित जोशी, अनिका चंद व दिया बगोरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि अभय गुप्ता, विराट व हनशिका राणा द्वितीय तथा आभाष रस्तोगी व अर्चना जोशी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 5 में गुरनूर कौर 99.85% व लवजोत सिंह 99.82% प्रथम, मयंक जोशी व पीहू राणा द्वितीय तथा प्रबेश जोशी व मानशी जोशी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6 में मनीष जोशी, हर्षित जोशी व अवनीर संधु प्रथम, दीपक जोशी द्वितीय तथा दलजीत सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में इशांत राणा व वैभव कश्यप प्रथम, कमलजीत कौर, शिवांग कश्यप, रौनक बिष्ट व लता चौशिर द्वितीय तथा हरपीत जार्ज व परविंदर कौर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में गुरनूर कौर 99.1%प्रथम, दिव्या जोशी द्वितीय व कनक जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 8 में प्रेरणा कौर 99.5% प्रथम, तरंदीप कौर द्वितीय तथा पूर्वी मयूर, मयंक जोशी, सलोनी कुमारी व साक्षी चंद तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कमला जोशी, पलविंदर कौर, आशा राणा, हेमा उप्रेती, सोनाली भट्ट, नीरू जोशी, दीपिका बहुगुणा, पूजा कश्यप, दिव्या जोशी, जानवी राणा, कला अटवाल, बसंती सम्माल, सोनी रस्तोगी, जसविंदर कौर, किरनदीप कौर, सविता राय, रश्मि भट्ट मौजूद थे।

# राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी भुवन गुणवंत ने गुवाहाटी में जीते दो पदक

लालकुआं (उद संवाददाता)। नैनीताल जनपद के हल्दुचौड़ निवासी शत प्रतिशत दिव्यांग राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी भुवन चंद्र गुणवंत ने एक बार फिर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहराया है। असम के गुवाहाटी में आयोजित द्वितीय पैरा लॉन बॉल राष्ट्रीय चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भुवन गुणवंत ने दो पदक अपने नाम कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।गुवाहाटी में 26 से 28 मार्च तक आयोजित इस चौंपियनशिप में भुवन गुणवंत ने अपने खेल कौशल



और धैर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ट्रिपल स्पर्धा में रजत पदक और डबल्स स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भुवन की यह उपलब्धि उनके वर्षों के कड़े अनुशासन और खेल के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है। वे इससे पहले भी कई राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। विशेष बात यह है कि भुवन केवल लॉन बॉल तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे एक कुशल पैरा तैराक, व्हीलचेयर बैडमिंटन और गोला फेंक के भी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। सीमित संसाधनों और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने जिस प्रकार अपने प्रदर्शन को निखारा है, वह उनकी मानसिक दृढ़ता को दर्शाता है।भुवन गुणवंत का जीवन संघर्ष और सफलता की एक ऐसी प्रेरक गाथा है जो यह संदेश देती है कि शारीरिक अक्षमता सपनों की राह में बाधा नहीं बन सकती। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर परिवारजनों, स्थानीय निवासियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। राष्ट्रीय संगठन सक्षम के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वक्ताओं का कहना है कि भुवन ने अपनी मेहनत से सिद्ध कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उनकी यह सफलता प्रदेश के युवाओं और दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# अखंड नाम संकीर्तन की बैठक में युवाओं को दी गई जिम्मेदारी

दिनेशपुर। दुर्गा मंदिर परिसर में सालाना अखण्ड नाम संकीर्तन के आयोजन को लेकर वार्ड पांच के निवासियों की बैठक में आयोजन कमेटी का गठन किया गया। देवव्रत राय अध्यक्ष चुने गए। बैठक में निवर्तमान कमेटी ने पिछले साल के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस वर्ष भी बैशाख माह में अष्टम प्रहर व्यापी अखण्ड नाम संकीतर्न के आयोजन का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष के अलावा चार सदस्सीय कोर कमेटी बनाई गई। कमेटी के सहयोग के लिए 11 सदस्सीय युवाओं की टीम का गठन किया गया। वहां सरोज मंडल,सुधीर राय, सुब्रतो गोस्वामी, महादेव शिकारी, दुलाल चक्रवती, सौरभ मंडल, नारायण राय, चंपक विश्वास, शिखा ढाली, सुनीला मिस्त्री, राधा विश्वास,पीयूष मंडल दीपक विश्वास, शंकर बैरागी, दीपक विश्वास, सरोज



मंडल, सुदीप ढाली, भोला मंडल, विनोद विश्वास, असीम मलिलक,दिलीप ढाली,कन्हई हालदार,बसंत आशीष आशीष गाइन, दीपक शर्मा, खितिश बैरागी,सुरज ढाली, कृष्ण सरकार,दिपू ढाली,कुशाल मलिक, शिबू, विशाल,भोला पाल, विशाल गाईन, गोपाल मंडल, कृष्णा विश्वास, सनातन मंडल, रोहित मंडल, विशाल मंडल, परितोष गाईन, राहुल मंडल, सत्यजीत मंडल, राजू मंडल,बंकीम मंडल, कारण सरकार इंद्रजीत मंडल पीयूष मंडल संजीत मंडल रोहित विश्वास अमित विश्वास गायन संजय दास आशीष मिथुन विश्वास भोला राय आयुष कुमार आदि मौजूद रहे।

# सटोरिया और चाकू सहित दो गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया। बांसफोड़ान चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर शमशान घाट के पास सडक किनारे सट्टे की खाईबाड़ी करते भगत जी किराना स्टोर के पास मौ0 अल्ली खां निवासी रिजवान पुत्र मुनीर खां को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन, डायरी व दो हजार 10 रूपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का जुआ एक्ट में चालान कर कोर्ट में पेश किया है। वहीं पुलिस ने गश्त के दौरान चैती मेले से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है।आईटीआई कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान चौती मेला स्थित नखाशा बाजार से मोहल्ला कटरामालियान निवासी आशू कुमार पुत्र कन्हैया लाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

# मेडिकल कैंप में सैकड़ों मरीजों का हुआ उपचार

नानकमत्ता। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले डॉक्टरों की टीमों द्वारा नानकमत्ता और खटीमा क्षेत्र के विभिन्न सुदूर गांवों में निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में दूर-दराज के गांवों से आए सैकड़ों मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। शिविर की विशेषता यह रही कि इसमें देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। एम्स सहित अन्य संस्थानों के चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। इसके अलावा गुजरात से आए डॉ. सी.वी. त्रिपाठी एवं रुद्रपुर के महाजन हॉस्पिटल से डॉ. महाजन ने भी अपनी सेवाएं देकर शिविर को सफल बनाया। कार्यक्रम में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल नौटियाल, सचिव डॉ. प्रवीन मित्तल, डॉ. नीलांबर भट्ट, डॉ. प्रदीप पांडे तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भुवन पांडे सहित कई गणमान्य चिकित्सक उपस्थित रहे। मेडिकल कैंप का सफल संचालन कार्यक्रम के समन्वयक रमेश ओली के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को देखते हुए ऐसे शिविरों का आयोजन बेहद आवश्यक है, जिससे जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार मिल सके। प्रांतीय संगठन मंत्री अरविंद कन्नौजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान में एकल अभियान का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके सहयोग से सुदूर गांवों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई जा सकीं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊधमसिंह नगर

ई-मेल- nppgdr@gmail.com

पत्रांक-932/ठेका नीलामी(2026-27)/2025-26 — दि. 31.03.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर जिला ऊधमसिंहनगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु साप्ताहिक बुद्धबाजार ठेके की निविदा दिनांक 06.04.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक पंजीकृत डाक/कोरियर से आमंत्रित की जाती हैं जो कि दिनांक 07.04.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे गठित प्रक्योरमेंट कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.04.2026 को समय अपरान्ह 01:00 बजे तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र स | कार्य/ठेके का नाम | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेका अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेका साप्ताहिक बुद्धबाजार (हाटबाजार) | रू0 1,00,000.00 | रू0 1,000.00+18%GST | वित्तीय वर्ष 2026-27 (08.04.2026 से 31.03.2027) |

निविदा की शर्तें:-

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रसीदी टीकट पर हस्ताक्षर सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. धरोहर राशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गदरपुर के नाम बन्धक हो संलग्न करनी अनिवार्य होगी।
4. सफल निविदादाता/ठेकेदार को स्वीकृत धनराशि के 02 प्रतिशत धनराशि के स्टाम्प पेपर पालिका पक्ष में अनुबन्ध हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा ठेका निरस्त कर जमा धनराशि जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी।
5. यदि ठेके में किसी भी प्रकार का सरकारी टैक्स अथवा जी0एस0टी देय होगी तो ठेकेदार को जी0एस0टी0 प्राविधानों के अन्तर्गत कर का पृथक से भुगतान ठेके की धनराशि के अतिरिक्त स्वंय करना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता को आयकर एंव जी0एस0टी में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा, निविदा के साथ पेनकार्ड एंव जी0एस0टी. रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।
8. ठेके से सम्बन्धित अन्य शर्तो की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गदरपुर, (ऊधमसिंह नगर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गदरपुर, (ऊधमसिंह नगर)

# महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

बाजपुर (उद संवाददाता)। भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर नगर के मोहल्ला सुभाषनगर स्थित जैन मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। सुबह भगवान महावीर का विधि-विधान से अभिषेक और पूजन किया गया, जिसके बाद मंदिर परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, केसरिया ध्वज पताकाओं और भक्तिपूर्ण गीतों के साथ शुरू हुई यह यात्रा मुख्य मार्ग, शहीद भगत सिंह चौक और रामराज रोड से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान पूरा शहर भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया।जैन समाज के वक्ताओं ने भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने पूरी दुनिया को अहिंसा, सत्य और शांति का शाश्वत संदेश दिया था। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि आज के समय में भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलकर ही समाज में वास्तविक शांति और सौहार्द स्थापित किया जा सकता है। यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और एकता का संदेश भी देती है। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई और अंत में प्रसाद वितरण किया गया।सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल पूरी यात्रा के दौरान तैनात रहा। आयोजन में मनोज जैन, ममता जैन, गौरव शर्मा, पवन, तरुण, किसन जैन, अश्वनी जैन, विजय, अंचल, मानसी, सुरेंद्र जैन, संगीता, अंशुल, धीरज जैन और रुचि सहित जैन समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी भगवान महावीर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



# पूर्व विधायक नारायण पाल का भव्य स्वागत

सितारगंज। कांग्रेस में शामिल होने के बाद सितारगंज पहुंचे पूर्व विधायक नारायण पाल का कार्यकर्ता और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। स्वागत समारोह में भारी भीड़ को देखकर पूर्व विध ायक नारायण पाल और उनके समर्थक गदगद नजर आए। क्षेत्र से दो बार विध ायक रहे नारायण पाल ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रथम बार सितारगंज आगमन पर पूर्व विध ायक नारायण पाल का खटीमा रोड स्थित करण गार्डन में भव्य स्वागत किया गया। यहां नानकमत्ता के विध ायक गोपाल सिंह राणा, कांग्रेस जिलाध्याय हिमांशु गाबा, पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, गणेश उपाध्याय आदि लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके अलावा क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने पूर्व विधायक नारायण पाल का फूल माला लादकर स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, पूर्व मंडी अध्यक्ष हरपाल सिंह, आजम मलिक, सुरेंद्र सिंह, राम नगीना प्रसाद, सतीश अरोड़ा, शाकिर अली खान बब्बू, अख्तियार पटौदी, मुगनी अहमद, जिलानी अंसारी, इजरायल सिंह, मुख्तियार अंसारी, हसनैन मलिक, बाबूराम, शमशेर सिंह, जगदीश सिंह महार, सिराजुद्दीन, यूसुफ मलिक, इरशाद हुसैन, खलीक अहमद आदि मौजूद थे।



# सांसद भट्ट ने रातीघाट, मंगोली और बजून में शराब की दुकान खोलने का किया विरोध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने जनपद के रातीघाट, मंगोली और बजून क्षेत्रों में विदेशी मदिरा की दुकान खोलने की प्रक्रिया पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता करने के साथ ही पत्र लिखकर इन प्रस्तावित दुकानों को तुरंत निरस्त करने की मांग की है। सांसद ने स्पष्ट किया कि इन क्षेत्रों में शराब की दुकान खोलना स्थानीय जनभावनाओं और सामाजिक मर्यादा के पूरी तरह विपरीत है। मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान सांसद अजय भट्ट ने बताया कि रातीघाट, मंगोली और बजून में शराब की दुकान खोलने की शासन स्तर पर चल रही प्रक्रिया का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक कड़ा विरोध कर रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि ये तीनों क्षेत्र प्रमुख ग्रामीण बाजार हैं, जहाँ आसपास के दर्जनों गांवों के लोग अपनी दैनिक जरूरतों के लिए आते हैं। इन क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों के साथ-साथ शहीद संजय बिष्ट के नाम पर राजकीय इंटर कॉलेज भी स्थित है। ऐसे में शिक्षण संस्थानों के समीप मदिरा की दुकान खुलने से न केवल सामाजिक वातावरण दूषित होगा, बल्कि छात्राओं और बाजार आने वाली महिलाओं की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सांसद ने धार्मिक आस्था का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम मंदिर इन स्थानों से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस मार्ग से होकर दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे संवेदनशील और धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र के पास शराब की दुकान खोलना कतई उचित नहीं है। अजय भट्ट ने इस संबंध में जिलाधिकारी नैनीताल से भी फोन पर वार्ता की और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रस्तावित दुकानों की प्रक्रिया को तत्काल रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की गरिमा और शांति बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य है।



# ठुकराल ने मंदिर निर्माण का किया शुभारंभ

रुद्रपुर । पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने शिव नगर विवेकनगर क्षेत्र में प्रस्तावित शिव मंदिर निर्माण कार्य का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस ध ार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर क्षेत्रीय जनता और बस्तीवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर स्थानीय नागरिकों ने पूर्व विधायक का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। शुभारंभ समारोह के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राजकुमार ठुकराल ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं होते, बल्कि ये हमारे समाज में संस्कार, एकता और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का माध्यम भी हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण समिति और बस्तीवासियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि भव्य शिव मंदिर के निर्माण में उनकी ओर से जो भी आर्थिक या अन्य सहयोग अपेक्षित होगा, वह उसे सहर्ष प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि आस्था के ऐसे कार्यों में जनसहयोग ही सबसे बड़ी शक्ति होती है। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा, शिव कुमार शिब्बू, उमा सरकार, गीता देवी, सुख देवी, अनीता, सुभद्रा शर्मा, देवेन्द्र, पिंटू गुप्ता, श्याम लाल, राजेश, महेश देवेन्द्र पाल, काशी राम, पप्पू राजपूत, मान सिंह, वीर सिंह, अमित, भूरा, मुकेश, सुरेन्द्र गुप्ता, मोहन कुमार, राकेश अधिकारी, धर्मवीर राजपूत, पवन गुप्ता, राज वर्मा, पूजा प्रियंका, पार्वती देवी, मोनिका, कलावती समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में भगवान शिव के जयकारे लगाए और निर्माण कार्य को निर्विघ्न संपन्न करने का संकल्प लिया।



## पेज एक का शेष...

**कर्मचारी हितों के लिए...**लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं में कोई कमी न आए। समारोह के दौरान उत्तराखण्ड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया और उन्हें एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण और भत्तों में वृद्धि जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री ने इन मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी जायज मांगों का निस्तारण करेगी।

**बेकाबू कार ने कई ...**हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कार चालक को घेर लिया। हादसे के कारण बाजपुर रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही सीपीयू यूनिट और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया और यातायात सामान्य किया। कोतवाल रवि सैनी ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। क्षतिग्रस्त वाहनों के मालिकों की तहरीर के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है।

**दो बाइकों की ...**में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय निवासियों ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को तत्काल रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने 19 वर्षीय अमित उर्फ दिगंबर को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल हुए भास्कर, उमेश और पंकज की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल में परिजनों की भारी भीड़ जुट गई और कोहराम मच गया। पुलिस ने भी मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से कानिया चौराहे पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**श्रमिक विरोधी कानूनों...**कार्यस्थल सुरक्षा, यूनियन बनाने का अधिकार और सम्मानजनक वेतन जैसी उपलब्धियां पिछले 150 वर्षों के कड़े संघर्ष और बलिदान का परिणाम हैं। स्वतंत्र भारत में बने 44 केंद्रीय और लगभग 150 राज्य श्रम कानूनों को समाप्त कर सरकार इन ऐतिहासिक अधिकारों को छीनने की दिशा में बढ़ रही है। श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी कि नई संहिताओं में ऐसे कठोर प्रावधान शामिल किए गए हैं जिनसे यूनियनों का पंजीकरण मुश्किल और उनका निरस्तीकरण आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां नियोक्ताओं के उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ट्रेड यूनियन की गतिविधियों को दंडनीय बनाया जा रहा है। कार्य समय की सीमा को लचीला छोड़कर शोषण का रास्ता साफ किया गया है और हड़ताल के अधिकार को लगभग समाप्त कर दिया गया है। फिक्स्ड टर्म रोजगार को बढ़ावा देकर सामाजिक सुरक्षा के दायरे को भी संकुचित किया जा रहा है। सभा को भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली, इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव कैलाश भट्ट, दिनेश, सीएसटीयू के धीरज कुमार, बजाज मोटर कर्मकार यूनियन के अध्यक्ष हीरा राठौर, बेलराइज वर्कर्स यूनियन के साहेब सिंह, ऑटोलाइन के जीवन लाल, एडिएंट कर्मकार यूनियन के चंदन गोस्वामी और राने मद्रास एम्प्लाइज यूनियन के राहुल चौहान ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवारी ने किया। इस दौरान मूल निवासी संघ के अमर सिंह, ऐक्टू जिला सचिव अनिता अन्ना, सुरेंद्र रावत, सुब्रत विश्वास, राजीव कुमार, नागेंद्र यादव, मुनीब यादव, गणेश बोरा, महेश कोठारी, संतोष गुप्ता, नरेश कुमार, विजय शर्मा, रंजन विश्वास सहित बड़ी संख्या में श्रमिक और यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर....** उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने पुलिस और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेशभर में तत्काल ऑपरेशन प्रहार चलाया जाए। इस अभियान के तहत अवांछित, आपराधिक और हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा ऐसे अराजक तत्वों के लिए उत्तराखंड की पावन भूमि पर कोई स्थान नहीं है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले और शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान शासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**आईटीबीपी जवानों को ...**मिलेगा। उन्होंने कहा, सीमांत क्षेत्रों के किसानों को अब अपनी उपज बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें घर बैठे ही उचित मूल्य प्राप्त होगा। यह कदम स्थानीय आजीविका को सशक्त करने के साथ-साथ पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने में भी सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आईटीबीपी द्वारा अब तक 14.77 करोड़ के स्थानीय उत्पादों की खरीद की जा चुकी है, जिसे भविष्य में और अधिक विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे श्लोकल फॉर वोकलश अभियान की बड़ी सफलता बताया। एमओयू के दौरान आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ उद्यान एवं कृषि विभाग के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

***जब स्कूल ही नहीं....*** व्यवस्था पर भी पड़ा है। रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और आधुनिक जीवन की तलाश में हजारों परिवार हर साल गांवों से शहरों की ओर जा रहे हैं। जब परिवार गांव छोड़ देते हैं तो स्वाभाविक रूप से बच्चों की संख्या भी कम हो जाती है।बुनियादी सुविधाओं की शिक्षावद् शिव शंकर जायसवाल के अनुसार स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी भी छात्रों की संख्या घटने का एक महत्वपूर्ण कारण है। कई विद्यालयों के भवन जर्जर हालत में हैं। वहां पर्याप्त कक्षाएं नहीं हैं। कुछ स्कूलों में शौचालय, पेयजल और खेल मैदान जैसी बुनियादी सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे हालात में अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने से हिचकते हैं और निजी स्कूलों को बेहतर विकल्प मानते हैं। यही वजह है कि सरकारी स्कूलों में नामांकन लगातार घटता जा रहा है। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी भी लंबे समय से एक बड़ी समस्या है। स्कूल मिलकर उत्तराखंड में पांच वर्षों के भीतर 826 प्राथमिक स्कूलों का बंद होना एक गंभीर संकेत है। यह स्थिति बताती है कि पहाड़ों में शिक्षा व्यवस्था कई चुनौतियों से जूझ रही है। पलायन, घटती छात्र संख्या, बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षकों की समस्या जैसे कई कारण मिलकर इस संकट को और गहरा बना रहे हैं। जाहिर है कि अगर समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है। गरीब वर्ग के लिए निजी स्कूलों में बच्चों को प्रवेश दिलाना बस से बाहर है ऐसे में सरकारी विद्यालयों के प्रति नई नीतियां लागू होनी चाहिए।

# बाजपुर कोतवाल नरेश चौहान ने निभाया कर्तव्य

बाजपुर। जहां एक ओर प्रशासनिक लापरवाही की शिकायतें सामने आती रहती हैं, वहीं बाजपुर कोतवाली में तैनात कोतवाल नरेश चौहान ने अपनी निष्पक्ष कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा से एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जानकारी के अनुसार एक कार्य के सिलसिले में पत्रकार मुकेश पाल कोतवाली पहुंचे थे। इसी दौरान एक कांस्टेबल कोतवाली मैस में खाना बनाने के लिए तीन गैस सिलेंडरों की परमिशन लेने पहुंचा। कोतवाली मैस में खाना बनाने के लिए परमिशन के लिए आए कांस्टेबल को तीन सिलेंडर न देकर कोतवाल ने केवल एक सिलेंडर की ही परमिशन दी, जिससे वहां मौजूद लोग भी उनके इस निर्णय की सराहना करने लगे। कोतवाल नरेश चौहान ने स्पष्ट कहा कि वर्तमान समय में गैस सिलेंडरों की कमी चल रही है और आम जनता को भी सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में आवश्यकता के अनुसार ही सिलेंडर देना उचित है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जब एक सिलेंडर समाप्त हो जाए, तभी दूसरा लिया जाए।



# बाघ ने बुजुर्ग को बनाया निवाला

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सल्ट ब्लॉक के तड़म गांव में बाघ ने 60 वर्षीय एक बुजुर्ग को अपना निवाला बना लिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी अनुसार तड़म गांव निवासी खीम सिंह मंगलवार सुबह मवेशियों के लिए घास लेने गांव के पास जंगल गए थे। लेकिन बुजुर्ग काफी देर तक घर वापस नहीं लौटे। अनहोनी की आशंका को देखते हुए पत्नी मुन्नी देवी अन्य ग्रामीणों के साथ पति की तलाश को जंगल निकल गई। इस दौरान जंगल में खीम सिंह का शव बरामद हुआ। वहीं, शरीर बुरी तरह नोचा हुआ था। शव देखते ही ग्रामीणो में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने वन विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी गंगा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। गंगा शरण, वन क्षेत्राधिकारी, मोहान ने बताया कि तड़म में घटना की सूचना मिलते ही पूरी टीम मौके पर पहुंच गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हमला करने वाला जानवर बाघ है या गुलदार रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




## ड्यूटी से लौटते नवोदय विद्यालय कर्मी को कार ने रौंदा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार की रात्रि काशीपुर हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे नवोदय विद्यालय के संविदाकर्मी को रौंद दिया। उसे। उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से उगना एस्कार्ट पिथौरागढ़ निवासी संतोष भंडारी यहां नवोदय विद्यालय की मैस में संविदा कर्मी के रूप में काम करते थे। बताया जाता है सोमवार की रात ड्यूटी के बाद संतोष पैदल अपने घर जा रहे थे। विद्यालय के सामने हाईवे पार करते ही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मारकर रौंद दिया। घटनास्थल के आसपास के लोगों ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली गई है। कार को कब्जे में ले लिया गया है जबकि फरार चालक की तलाश की जा रही है।मृतक संतोष के भाई विनोद कुमार उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत हैं और वर्तमान में किच्छा कोतवाली में तैनात हैं। मृतक संतोष के परिवार में पत्नी रूपा व 16 वर्षीय पुत्र सुजल है।

## ई रिक्शा सवार वृद्धा के गले से मंगलसूत्र लूटा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब ई रिक्शा में सवार एक बुजुर्ग महिला के गले से ढाई तोले का मंगलसूत्र उड़ा लिया गया। महिला की पोती ने पुलिस को तहरीर सौंपी। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरटीओ रोड मुखानी निवासी मेघा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मार्च को वह अपनी दादी सावित्री देवी के साथ किसी काम से बाजार गई थी। घर लौटते समय दोनों मुखानी चौराहे से ई-रिक्शे में बैठीं, जिसमें पहले से दो महिलाएं मौजूद थी। जो बार-बार बुजुर्ग महिला की ओर देख रही थी। सेंट्रल अस्पताल के पास जब सावित्री देवी ई-रिक्शे से उतरी तो उन्होंने पाया कि उनके गले से ढाई तोले का मंगलसूत्र गायब है। दादी और पोती ने काफी तलाश की लेकिन मंगलसूत्र नहीं मिला। एसओ मुखानी सुशील जोशी ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।